JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No:** 0141-2822760

2022/08/375–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक:** 15.08.2022

देश के 76वें स्वाधीनता दिवस पर जयपुर मेट्रो सीएमडी श्री कुंजीलाल मीना ने मानसरोवर डिपो में किया ध्वजारोहण।

जयपुर 15 अगस्त। जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रंबध निदेशक श्री कुंजीलाल मीना ने आज मेट्रो के मानसरोवर स्थित डिपो के प्रशासनिक भवन में देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रातः 8.00 बजे ध्वजारोहण किया एवं आजादी के शहीदों को नमन किया। श्री कुंजीलाल मीना ने उपस्थित सभी मेट्रो अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 76वें स्वाधीनता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान सोशल डिस्टेसिंग एवं सरकारी निर्देशों का पालन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेट्रो व मेट्रो पुलिस कर्मचारियों को उनके द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया। मेट्रो राईडरशिप में अतिशय वृद्धि हेतु निदेशक मेट्रो संचालन व उनकी टीम को बधाई दी और साथ ही अन्य कर्मचारियों को भी अपने–अपने कार्यक्षैत्र में उच्चतर सेवा देने हेतु प्रेरित किया ताकि वे भी आने वाले समय में मेट्रो के विकास एवं प्रगति में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।

अंत में श्री कुंजीलाल मीना ने सभी कर्मचारियों को मेट्रो की प्रगति के साथ–साथ देश की खुशहाली एवं शांति हेतु कार्य करने की कामना की।

जनसंपर्क अधिकारी
जयपुर मेट्रो